इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) हिंदी

पद: वीडियो एसोसिएट

इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) सामाजिक बदलाव और फिलन्थ्रॉपी से जुड़े विचारों और अनुभवों को सामने लाने वाला एशिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र ज्ञान मंच है। हम विकास सेक्टर में काम कर रहे लोगों की चुनौतियों और अनुभवों को प्रकाशित करते हैं, ताकि असल मुद्दों पर विश्वसनीय और सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल सके।

भूमिका:

आईडीआर हिंदी में वीडियो एसोसिएट के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। इस पद के लिए हम एक अनुभवी उम्मीदवार की तलाश में हैं, जिन्हें मल्टीमीडिया के साथ-साथ एडिटोरियल कंटेंट की भी गहरी समझ हो। इस पद पर चयनित व्यक्ति का मुख्य काम हमारे मल्टीमीडिया कंटेंट और रणनीति को विस्तार देना और उसे अधिक प्रभावशाली बनाना होगा।

इस भूमिका में आपको आईडीआर हिंदी के लिए ऑडियो-विज़ुअल कंटेंट, ग्राफिक्स, एनिमेशन, मल्टीमीडिया पिच, तथा विभिन्न प्रकार के वीडियो (एक्सप्लेनर, ज़मीनी कहानियां आदि) तैयार करने होंगे। इस पद के लिए उम्मीदवार के पास उच्च-स्तरीय वीडियो एडिटिंग और डिजिटल स्टोरी-टेलिंग का अच्छा अनुभव होना चाहिए।

मुख्य ज़िम्मेदारियां:

- विकास सेक्टर के लिए मल्टीमीडिया कहानियों की पहचान करना, उन्हें चुनना और विकसित करना।
- मल्टीमीडिया कहानियों की सोर्सिंग और पिचिंग करना।
- आईडीआर हिंदी की शैली के विकास और प्रबंधन के लिए संपादकीय टीम के साथ मिलकर काम करना।
- विभिन्न सॉफ़्टवेयर के माध्यम से वीडियो, ग्राफिक्स, एनीमेशन और स्टिल इमेजेज़ बनाना।
- मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के लिए स्क्रिप्ट लिखना।
- आईडीआर हिंदी के मल्टीमीडिया प्रोडक्शन को बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकें और तरीके तलाशना।

आवेदन करें, यदि:

- आपके पास कॉलेज की डिग्री है और हिंदी कम्युनिकेशन या पत्रकारिता के क्षेत्र में मल्टीमीडिया पोर्टफोलियो से जुड़ा 8 से 10 साल का प्रासंगिक अनुभव है।
- आपके पास इन्फोग्राफिक्स, एनीमेशन वीडियो, स्टिल मोशन वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया सामग्री विकसित करने के लिए प्रीमियर प्रो, कैनवा, डूडल मेकर, वायॉन्ड, या ऐसे अन्य सॉफ्टवेयर की मज़बूत समझ है।
- आपको प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की अच्छी समझ है।
- आपका पोर्टफोलियो रचनात्मक कहानी कहने की तकनीकों और प्रभावी संचार कौशल की ठोस समझ को दर्शाता है।
- आपके पास डेवलपमेंट सेक्टर में काम करने का अनुभव है और आप सामाजिक बदलाव से जुड़े मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रखते हैं।

आवेदन कैसे करें:

इस पद में रुचि रखने वाले उम्मीदवार hindi@idronline.org पर अपना सीवी + पोर्टफोलियो या सीवी + काम से जुड़े कुछ मल्टीमीडिया सैंपल हमें मेल करें। कृपया विषय पंक्ति **(Subject) में "Video Associate: Application"** अवश्य लिखें। ध्यान रखें कि आपका सैंपल ऐसा न हो, जिसे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संपादित या तैयार किया गया हो। चयनित उम्मीदवारों से पहले एक असाइनमेंट पूरा करने के लिए कहा जाएगा, जिसके बाद उन्हें अगले चरण के लिए इंटरव्यू की सूचना दी जाएगी।

वेतन:

इस पद के लिए वेतनमान 9 से 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अंतिम वेतन उम्मीदवार के अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।